**अपराध** | बहन के घर में हुआ परिचय, एक वर्ष से चल रहा था मेल-जोल

# युवती को शादी का झांसा देकर किया शोषण, आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोप में 21 वर्षीय युवक शिवम महारा को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि अनूपपुर कोतवाली क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती ने शिकायत में बताया था कि शिवम महारा ने उससे दोस्ती की और शादी का वादा कर पिछले एक साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। युवती की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपित की तलास में उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा, प्रधान आरक्षक शेख रसीद और आरक्षक अब्दुल कलीम की टीम ने थाना बुढार जिला शहडोल के ग्राम हथगला निवासी शिवम महारा पुत्र विजय महारा को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पहचान युवती की बड़ी बहन की शादी में युवक से हुई है। युवती का अपनी बहन के घर आना-जाना लगा रहता था, इसी दौरान शिवम और युवती के बीच पहचान बढ़ी, जो बाद में दोस्ती में बदल गई। यह सिलसिला पिछले 2 वर्षो से चल रहा था। जब युवती ने शादी की बात कही, तो युवक अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया गया है कि आरोपी युवक शहडोल स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक के एटीएम बूथ पर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था।

## खनिज रेत का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त



**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा सघन कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी खनिज अधिकारी ईशा वर्मा एवं सर्वेयर अमित कुमार, सहायक उपनिरीक्षक थाना बिजुरी प्रदीप अग्निहोत्री एवं अन्य के साथ गुरुवार की रात्रि लगभग 01 बजे ग्राम छतई में खनिज रेत का ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन करते हुए 01 वाहन 65GA1443 को जब्त किया गया तथा आगामी निर्देश तक बिजुरी थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 19 (1), (2) एवं (3) के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई।



# मृत भालू के नाखून, बाल काटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार


**नाखून, दो पहिया वाहन जब्त**

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपर जिले के कोतवानी थाना अंतर्गत लखनपुर गांव के जंगल में 15 दिन पूर्व मृत भालू के शरीर से नाखून काटकर ले जाने वाले तीन आरोपितों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर उनके पास से नाखून, टांगिया एवं दो पहिया वाहन को जब्त किया हैं। तीनो आरोपितो को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह ने बताया कि 19 फरवरी की रात मुखबिर से सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अनूपपुर के अगरियानार बीट अंतर्गत लखनपुर गांव से लगे जंगल में गुफा में भालू लगभग 15 दिनों के प्राकृतिक कारणों से मृत स्थिति में पड़ा था जिसके शरीर के अंगों को जंगली जानवरों द्वारा खाया गया। इसी बीच लखनपुर गांव के कुछ लोगों ने मृत भालू के एक पैर के नाखून काट, एवं बाल को ले गए थे। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खोजबीन करने दौरान तीन आरोपित 48 वर्षीय जगदीश पुत्र जयसिंह नायक, 35 वर्षीय राजेंद्र पुत्र जेठू कोल दोनों निवासी घोघराटोला एवं 43 वर्षीय दीप नारायण पुत्र मोतीलाल कोल निवासी लखनपुर मृत भालू के नाखूनों एवं बाल को काटने वाला औजार टांगी एवं एक दो पहिया वाहन जप्त कर आरोपितों के विरुद्ध वन अपराध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बने युवा सुयश कुमार पटेल

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** जिले के जैतहरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मौहरी के युवा उद्यमी सुयश कुमार पटेल ने कोदो प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। उनकी यह पहल न केवल आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है, बल्कि स्थानीय किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गई है।



सुयश कुमार पटेल ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत अपनी इकाई की स्थापना की। कुल 9 लाख 45 हजार रुपए की लागत से स्थापित इस इकाई को 35 प्रतिशत अनुदान के रूप में 3 लाख 30 हजार 750 रूपए की सहायता प्राप्त हुई। इस आर्थिक सहयोग से आधुनिक मशीनरी एवं उपकरण स्थापित किए गए, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस इकाई के माध्यम से 3 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है, जिससे गांव में आजीविका के नए अवसर सृजित हुए हैं और पलायन में कमी आई है। विशेष बात यह है कि इकाई के लिए कच्चा माल आसपास के किसानों से ही खरीदा जाता है, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिल रहा है और कोदो जैसे मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा मिला है।

सुयश कुमार पटेल ने बताया कि वर्तमान में इकाई की मासिक बिक्री 50 से 60 हजार रुपए के बीच है, जबकि शुद्ध आय 30 से 35 हजार रुपए तक पहुंच रही है। बाजार के विस्तार के साथ आय दोगुनी होने की संभावना है। श्री सुयश कुमार पटेल की यह उपलब्धि ग्रामीण उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की सशक्त गाथा है, जो पूरे जैतहरी क्षेत्र में विकास और खुशहाली की नई किरण लेकर आई है।

## कांग्रेस की चेतावनी से हरकत में आई भाजपा

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपर जिले का प्रवेश द्वार कहे जाने वाला वेंकट नगर इन दोनों सत्ता और विपक्ष की रणभूमि बनते नजर आ रही है। अनूपपुर जिला कांग्रेस ने वेंकट नगर रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव न होने से ग्रामीणों के साथ मिलकर 21 फरवरी को रेल रोको आंदोलन करने का ऐलान किया है। इसके बाद हरकत में आई भाजपा ने शुक्रवार को सांसद हिमाद्री सिंह की तरफ से जिला मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे कांग्रेस का राजनीतिक स्टंट बताये जनता को गुमराह न होने की अपील की।

# जैतहरी में मौत का क्लीनिक बेनकाब

**12वीं पास लगा रहा था इंजेक्शन**

**सीएमएचओ ने पुलिस अधीक्षक को भेजा प्रतिवेदन**



**जैतहरी, नवभारत, 20 फरवरी।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय, अनूपपुर द्वारा जैतहरी नगर में संचालित एक कथित झोलाछाप क्लीनिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अनूपपुर के पत्र क्रमांक क./अ.प्रा./2026/245 दिनांक 17 फरवरी 2026 के अनुसार, जैतहरी के मुख्य मार्ग पर रामअभिलाष द्विवेदी द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

कलेक्टर के निर्देश पर गठित हुई जांच टीम मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 16 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय जांच दल गठित किया गया।जांच दल के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतहरी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान क्लीनिक संचालक रामअभिलाष द्विवेदी मौके से अनुपस्थित पाए गए।उनकी अनुपस्थिति में लोकनाथ यादव (उम्र 36 वर्ष), निवासी ग्राम बलबहा सिवनी, जैतहरी, मरीजों को दवाई, इंजेक्शन और ग्लूकोज की बॉटल लगा रहा था।पूछताछ में उसने स्वयं को केवल 12वीं उत्तीर्ण बताया तथा पिछले 10 वर्षों से उक्त क्लीनिक में कार्यरत होने की बात स्वीकार की।

**कार्यवाही की कराई गई वीडियो ग्राफी**

निरीक्षण के दौरान दो मरीज कुसुम पति शिवकुमार, निवासी गुवांरी (जैतहरी) एवं मोतीलाल पिता देहचा, निवासी चोई (जैतहरी) क्लीनिक के भीतर बिस्तर पर लेटे हुए इंजेक्शन एवं बॉटल लगवाते पाए गए।मौके पर पंचनामा तैयार किया गया, संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई तथा दवाइयों, इंजेक्शन और बॉटल को जब्त किया गया। बताया गया कि झोलाछाप डॉक्टर की पहले भी हो चुकी है शिकायत सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2024 में भी रामअभिलाष द्विवेदी के विरुद्ध झोलाछाप चिकित्सा की शिकायत प्राप्त हुई थी।पत्र क्रमांक विनिमय/2024/2353 दिनांक 26 जुलाई 2024 के माध्यम से वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रकरण अग्रेषित किया गया था, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



# तीन मंत्रियों व मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**जमुना कोतमा, नवभारत, 20 फरवरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जमुना-बदरा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना भालूमाडा के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों—राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह एवं कैलाश विजयवर्गीय—का पुतला दहन किया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए संबंधित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कफ सिरप कांड से कई परिवारों की जिंदगी प्रभावित हुई है।

वहीं इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की जिम्मेदारी भी सरकार ने नहीं ली साथ ही सेना के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ मुख्यमंत्री के बयान को लेकर भी कांग्रेस ने नाराजगी जताई। इस दौरान मीडिया से बातचीत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के तीनों मंत्री बेलगाम हो चुके हैं और जनता से जुड़े गंभीर मामलों में कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं उन्होंने कहा कि दूषित पानी से इंदौर में हुई मौतों, सेना पर की गई कथित टिप्पणी और कफ सिरप कांड से कई लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित मंत्रियों और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ की गई बयानबाजी भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में पुष्पराजगढ़ रही विजेता, अनूपपुर को मिली पराजय

**पारंपरिक खेल कबड्डी को प्रोत्साहित करने आयोजित की गई जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता**

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपर जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में हुई इस भिड़ंत में पुष्पराजगढ़ की टीम ने अपने शानदार खेल के दम पर बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में जिले के अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी और पुष्पराजगढ़ विकासखंड की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बाद आदिवासी अंचल पुष्पराजगढ़ की टीम विजेता बनी, जबकि कोतमा की टीम दूसरे और जैतहरी की टीम तीसरे स्थान पर रही। मेजबान अनूपपुर की टीम को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा और उन्हें सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**विजेताओं पर हुई इनामों की बौछार**

समापन समारोह में विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रथम आई पुष्पराजगढ़ की टीम को 21 हजार रुपए, दूसरे नंबर की कोतमा टीम को 11 हजार रुपए और तीसरे स्थान पर रही जैतहरी की टीम को 5100 रुपए दिए गए।



चौथे स्थान पर रही अनूपपुर की टीम को भी 1100 रुपए का पुरस्कार मिला। सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र बांटे गए।

**कबड्डी को नई ऊंचाई पर ले जाने की पहल**

जिला पंचायत सीईओ अर्चना ने बताया कि यह प्रतियोगिता 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के तहत एक नई पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कबड्डी के प्रति रुचि जगाना है। प्रशासन चाहता है कि जिले के खिलाड़ी फुटबॉल की तरह कबड्डी में भी निखरकर सामने आएं और जिला और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

**दिग्गज हस्तियों ने किया सम्मानित**

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को सफल बनाने वाले रेफरी और प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया।

## जिला पंचायत सामान्य सभा बैठक आज

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 21 फरवरी 2026 को प्रात: 11बजे से जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में आयोजित की गई है उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत की सीईओ ने दी है। बैठक मे मुख्यमंत्री मजरा टोला सडक योजना अंतर्गत तैयार की गई प्राथमिकता सूची के अनुमोदन तथापीएमजीएसवाई चतुर्थ योजना अंतर्गत तैयार की गई प्राथमिकता सूची के अनुमोदन विषयक चर्चा की जाएगी। सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील की गई है।

## सदन में विधायक ने लगाएं गंभीर आरोप, प्राचार्य निलंबित

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश विधानसभा के चल रहे सत्र में पुष्पराजगढ़ क्षेत्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले को जोरदार तरीके से उठाया गया।पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने सदन में पुष्पराजगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डी.पी.सार्वे पर सभी गंभीर आरोप सिद्ध हो चुका है और कार्रवाई की मांग की।

विधायक द्वारा बताया गया की विद्यार्थियों से लगभग 50 लाख रुपये की अवैध वसूली की गई है।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने प्राचार्य को तत्काल निलंबित करने, संबंधित प्रकरण में एफआईआर दर्ज करने तथा विद्यार्थियों से ली गई राशि वापस दिलाने की मांग की। सदन में मुद्दा उठते ही शिक्षा मंत्री ने मामले पर संज्ञान लिया और कार्रवाई करते हुए प्राचार्य डॉ.डी.पी. सार्वे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा चुका है। इसकी जानकारी दी साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही करने की बात कही गई। इस निर्णय के बाद विधायक श्री मार्को ने सदन में शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्रवाई विद्यार्थियों के हित, शिक्षा व्यवस्थकी पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में संतोष का माहौल है।

# पशु तस्करी का सनसनीखेज ऑडियो वायरल

**कोतमा, नवभारत, 20 फरवरी।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक कथित ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने क्षेत्र में पशु तस्करी के संगठित नेटवर्क की पोल खोल कर रख दी है। इस ऑडियो में दो व्यक्ति बेखौफ अंदाज में मवेशियों को गाड़ियों में लादने और उन्हें रवाना करने की योजना पर चर्चा कर रहे हैं। यह ऑडियो कितना पुराना है यह जाँच का विषय है।

**चंगेरी और स्कूल के पास का क्षेत्र बना था मुख्य अड्डा**

वायरल ऑडियो में हो रही बातचीत के अनुसार, पशु तस्करी का यह खेल चंगेरी एवं निजी स्कूल के आसपास के इलाकों में चल रहा है। बातचीत से स्पष्ट हो रहा है कि तस्करों ने इन क्षेत्रों को अपना सुरक्षित ठिकाना बना रखा है।




**बारिश और अंधेरे का फायदा उठाने की फिराक में तस्कर**

ऑडियो में एक व्यक्ति दूसरे को बता रहा है कि एक गाड़ी पशुओं को लादकर रवाना की जा चुकी है और अब दूसरी गाड़ी भेजने की तैयारी है। इसी बीच, भारी बारिश का जिक्र करते हुए पशु लोड करने वाला युवक बड़े ही बेखौफ अंदाज में 'चटखारे' लेते हुए कहता है: 'पानी तो गिर ही रहा है, अगर पूरे कोतमा शहर की लाइट गोल हो जाए तो और भी मजा आ जाए।' यह बयान साफ दर्शाता है कि तस्करों के हौसले कितने बुलंद हैं और वे पुलिस व प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने के लिए प्राकृतिक आपदा और अंधेरे का सहारा लेने से भी नहीं हिचक रहे।

**कौन हैं ये चेहरे?**

इस ऑडियो ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि:ऑडियो में बात कर रहे दोनों व्यक्ति कौन हैं? यह ऑडियो कितना पुराना है इस गिरोह के तार और कहाँ-कहाँ जुड़े हैं? वायरल ऑडियो ने यह तो साफ कर दिया है कि कोतमा क्षेत्र में पशु तस्करी की जड़ें काफी गहरी हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस वायरल क्लिप का संज्ञान लेकर इन चेहरों की पहचान कब तक करता है और तस्करी के इस काले कारोबार पर लगाम लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

**प्रशिक्षण** | पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण आयोजित

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर जिला सत्र न्यायालय परिसर, अनूपपुर में विधिक जागरूकता शिविर एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स हेतु एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर माया विश्वयलाल ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को सशक्त बनाते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नीतियों के अनुरूप समाज के अंतिम छोर तक विधिक जागरूकता पहुंचाना तथा पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है।




प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि पैरा लीगल वॉलिंटियर्स समाज और न्यायिक व्यवस्था के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। वे घर-घर जाकर आमजन को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करें तथा 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे अधिकाधिक नागरिक लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर बॉबी सोनकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं समस्त पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

**बच्चों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करें**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश विनोद कुमार वर्मा ने उपस्थित पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को निर्देशित किया कि वे ग्रामों एवं बस्तियों में जाकर गरीबों, महिलाओं एवं बच्चों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में विधिक साक्षरता शिविरों को प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया, ताकि विवादों का समाधान आपसी सहमति (लोक अदालत) के माध्यम से हो सके एवं न्यायालयों पर लंबित प्रकरणों का भार कम किया जा सके।

## किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण का किया निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत, 20 फरवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपर जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली शुक्रवार को किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अतिरिक्त कक्ष, कार्यालय, परामर्श कक्ष, मजिस्ट्रेट कक्ष, सभा कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को विधिवत एवं सुव्यवस्थित संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं त्वरित न्याय प्रशासन की प्राथमिकता है तथा सभी विभाग समन्वय से कार्य करें। कलेक्टर ने किशोर न्याय बोर्ड अंतर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित मामलों की सूची तैयार कर बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर एक माह में निराकरण किया जाए।


## कार्यालय नगर परिषद् बरगवॉ (अमलाई), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

क्रं./237/ई-टेण्डरिंग/2026 | **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** | बरगवां, दिनांक:- 16/02/2026

निम्नलिखित कार्यों की आनलाइन निविदा https://mptenders.gov.in माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| Tender No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_422750_1 | Construction of C.C. road soda factory main gate to soda factory guest house at ward no 3 | 67,22,041.00 | 50,415.00 | 10,000.00 | 03 माह |
| 2026_UAD_482753_1 | Construction of C.C. road from dinesh Narayan pathak house to muktidham at ward no 11 | 72,72,246.00 | 50,542.00 | 10,000.00 | 03 माह |

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 17.02.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 20.03.2026 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित है।
2. ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 17.02.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 20.03. 2026 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही।
4. अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर देखे जा सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद बरगवॉ (अमलाई)
जिला-अनूपपुर (म.प्र.)